भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. 78***
29 नवंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**ग्रामीण महिलाओं के लिए योग प्रशिक्षण**

*78. श्री मड्डीला गुरूमूर्ति:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में ग्रामीण महिलाओं को योग प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कोई उपाय कर रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) इस संबंध में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**लोक सभा में 29 नवंबर, 2024 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या 78* के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) से (घ): आयुष मंत्रालय अपने स्वायत्त निकायों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं सहित जनसाधारण को योग का प्रशिक्षण प्रदान करता है।

इसके अतिरिक्त, आयुष मंत्रालय अपने तीन स्वायत्त निकायों, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई), नई दिल्ली, केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरवाईएन), नई दिल्ली और राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान (एनआईएन), पुणे के माध्यम से देश में योग को बढ़ावा देता है। एमडीएनआईवाई योग शिक्षा के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम प्रदान करता है। सीसीआरवाईएन योग और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों में अनुसंधान और विकास के लिए सर्वोच्च निकाय है। प्राकृतिक चिकित्सा का प्रमुख संस्थान, एनआईएन, प्राकृतिक चिकित्सा और योग से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता है। एमडीएनआईवाई, सीसीआरवाईएन और एनआईएन की गतिविधियाँ

और कार्यक्रम संबंधित वेबसाइटों अर्थात yogamdniy.nic.in, www.ccryn.gov.in और ninpune.ayush.gov.in पर उपलब्ध हैं।

साथ ही, यह मंत्रालय देश में योग सहित विभिन्न आयुष पद्धतियों के विकास और संवर्धन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना का कार्यान्वयन कर रहा है और उनके राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) में प्राप्त हुए प्रस्तावों के अनुसार उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें एनएएम दिशानिर्देशों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्रस्ताव प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं। राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत, आयुष मंत्रालय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से 12,500 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का कार्यान्वयन कर रहा है। इन आयुष्यमान आरोग्य मंदिरों में, प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा समुदाय-आधारित उपायों के रूप में सामान्य स्वास्थ्य संवर्धन हेतु ग्रामीण महिलाओं सहित जनसाधारण को योग सिखाया जा रहा है।

*****